# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## कक्षा 8 (आठ) की बोर्ड परीक्षा, 2019 से संबंधित आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 45/2019**

एतद् द्वारा कक्षा–08 की बोर्ड परीक्षा, 2019 से संबंधित सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों/जिला शिक्षा अधीक्षकों/छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि परिषद् द्वारा कक्षा–08 की परीक्षा के लिए एक विशेष परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा में वे ही छात्र/छात्रा सम्मिलित होंगे, जिन छात्र/छात्राओं का कक्षा–08 की वार्षिक परीक्षा, 2019 में प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था और उनका परीक्षाफल Marginal/Fail हों या वे परीक्षा में अनुपस्थित रहे हैं या ओ.एम.आर. सीट में उनके द्वारा की गई गलत/त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि के कारण उनका Result प्रकाशित नहीं हो पाया है।

कक्षा–08 की विशेष बोर्ड परीक्षा, 2019 जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 02.07.2019 (मंगलवार) को प्रथम पाली (9:45 A.M. to 1:00 PM) में संचालित की जाएगी। सभी प्रधानाध्यापकों से अनुरोध है कि वे परिषद् के वेबसाइट jac.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर दिनांक 15.06.2019 से छात्र/छात्राओं को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रश्न–पत्र, ओ.एम.आर. सीट एवं उपस्थिति पत्रक दिनांक 29.06.2019 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाएगी। परीक्षा की तिथि को पूर्वाह्न 8:00 बजे परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र, ओ.एम.आर. सीट एवं उपस्थिति पत्रक उचित पहचान के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त करेंगे। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया जाता है कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा की उपस्थिति पत्रक एवं ओ.एम.आर. सीट परीक्षा समाप्ति के उपरान्त सीलबन्द मुहर के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**नोटः- सभी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र का अध्ययन करने हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।**

**अध्यक्ष के आदेश से,**

**ह./-**

**(महीप कुमार सिंह)**

**सचिव,**

**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/गो./1623/19-SECY/312/19
Dt. 10.06.2019
D.O.P: 11.06.2019